## एसबीआई लाइफ – सम्पूर्ण कैंसर सुरक्षा क्यों?

कैंसर की एक बड़ी कीमत चुकानी पड़ती है शारीरिक और भावनात्मक दोनों तरह से. फिर भी, तैयार रहने से आपको इसका मुकाबला करने में मदद मिल सकती है. इसीलिए इसकी योजना कीजिए एसबीआई लाइफ – सम्पूर्ण कैंसर सुरक्षा के साथ, जो आपको देता है आपके उपचार के हर चरण में संपूर्ण आर्थिक आधार ताकि आज आप कैंसर की चिंताओं से मुक्त रहें और उसे मात देने पर ज़्यादा ध्यान दें. एसबीआई लाइफ – सम्पूर्ण कैंसर सुरक्षा, एक इंडिविजुअल, नॉन–पार्टिसिपेटिंग, नॉन–लिंक्ड हेल्थ इंश्योरेंस प्योर रिस्क प्रीमियम उत्पाद.

## मुख्य विशेषताएँ


- **तीन लाभ संरचनाओं का विकल्प[1] :**
  - स्टैंडर्ड : माइनर और मेजर स्टेज कैंसर को कवर करता है.
  - क्लासिक : एडवांस्ड स्टेज कैंसर पर अतिरिक्त भुगतान के साथ माइनर और मेजर स्टेज कैंसर को कवर करता है.
  - एनहांस्ड : एडवांस्ड स्टेज कैंसर पर अतिरिक्त भुगतान और आश्वासित राशि रिसेट के लाभ के साथ माइनर और मेजर स्टेज कैंसर को कवर करता है.
- **ओवर द काउंटर प्रोडक्ट :** बिना किसी मेडिकल परीक्षण के सरल नामांकन प्रक्रिया.
- **झंझट रहित दावा प्रक्रिया :** भुगतान वास्तव में हुए खर्चों से स्वतंत्र रहते हैं.
- **मासिक आय लाभ विकल्प :** मेजर स्टेज कैंसर के निदान पर 3 वर्षों तक मासिक भुगतान के रूप में आश्वासित राशि का 1.20% पाने की लौचिकता.
- **प्रीमियम वेवर लाभ :** इन–बिल्ट प्रीमियम वेवर लाभ.
- **मेडिकल सेकंड ओपिनियन्स[2] :** मेडिकल एक्सपर्ट्स से सेकंड ओपिनियन (दूसरी राय) लेने की सुविधा.
- **कर बचत[3] :** हेल्थ बेनिफिट के प्रति अदा प्रीमियमों के लिए धारा 80D का लाभ पाइए.
- **किफायती प्रीमियम.**

[1] चुनी गई लाभ संरचना के आधार पर कैंसर के विशिष्ट स्टेजेस को कवर किया गया है. आरंभ में एक बार चुनी गई लाभ संरचना को पॉलिसी अवधि के दौरान बदला नहीं जा सकता.
[2] मेडिकल सेकंड ओपिनियन : यह सेवा आश्वासित जीवन को अन्य डॉक्टर द्वारा उनके परीक्षण और उपचार पर सेकंड ओपिनियन पाने में सक्षम बनाता है. यह सेवा केवल कैंसर और सीआईएस के परीक्षण पर प्रदान की जाएगी. सेवाएँ मेडिगाइड इंडिया द्वारा प्रदान की जाती हैं.
[3] कर लाभ आयकर कानूनों के अनुसार हैं और समय–समय पर बदलाव के अधीन हैं. कृपया विवरण के लिए अपने कर सलाहकार से सलाह लें.

## उदाहरण

| एसबीआई लाइफ – सम्पूर्ण कैंसर सुरक्षा (क्लासिक बेनिफिट स्ट्रक्चर) | | |
|---|---|---|
| **आश्वासित जीवन की आयु :** 40 | **आश्वासित राशि :** 25 लाख | **प्रीमियम की बारंबारता :** वार्षिक |
| **पॉलिसी अवधि :** 30 वर्ष | **लिंग :** पुरुष | **मूल प्रीमियम :** ₹8,253 (लागू करों को छोड़कर) |

**बकाया पॉलिसी अवधि के लिए प्रीमियम वेवर लाभ**




उपरोक्त उदाहरण में : PY = पॉलिसी वर्ष

# एसबीआई लाइफ - सम्पूर्ण कैंसर सुरक्षा एक नजर में :

**लाभ संरचना विवरण :**

| | | |
|---|---|---|
| प्रवेश पर आयु* | **न्यूनतम :** बच्चे के लिए 6 वर्ष, वयस्क के लिए 18 वर्ष | **अधिकतम :** बच्चे के लिए 17 वर्ष, वयस्क के लिए 65 वर्ष |
| परिपक्वता पर अधिकतम आयु* | 75 वर्ष | |
| मूल आश्वासित राशि (₹1 लाख के गुणकों में) | **न्यूनतम :** ₹10,00,000 | **अधिकतम :** ₹50,00,000<br>बोर्ड मान्य अंडरराइटिंग नीति के अनुसार |
| पॉलिसी अवधि | **न्यूनतम :** 5 वर्ष | **अधिकतम :** 30 वर्ष |
| प्रीमियम बारंबारता | वार्षिक/अर्ध-वार्षिक/त्रैमासिक/मासिक# | |
| प्रीमियम भुगतान अवधि | पॉलिसी अवधि के समान | |
| प्रीमियम समीक्षा की क्षमता | प्रीमियम की दरें 5 पॉलिसी वर्षों की अवधि के लिए गारंटीशुदा है और हर पाँच वर्ष के ब्लॉक के बाद इनकी समीक्षा की जाएगी. संशोधित प्रीमियम की दरें प्रवेश की आयु पर आधारित होंगी.<br>उत्पाद के तहत दावे के अनुभव के आधार पर प्रीमियम की दरें संशोधित की जा सकती हैं जो आईआरडीएआई की पूर्व स्वीकृति के अधीन हैं. | |
| प्रीमियम बारंबारता लोडिंग | अर्ध-वार्षिक : वार्षिक प्रीमियम का 51.00%<br>त्रैमासिक : वार्षिक प्रीमियम का 26.00%<br>मासिक : वार्षिक प्रीमियम का 8.50% | |

| प्रीमियम (₹ में) (लागू करों को छोड़कर) | **मोड** | **न्यूनतम** | **अधिकतम** |
|---|---|---|---|
| | वार्षिक | ₹600 | आयु और आश्वासित राशि पर आधारित |
| | अर्ध-वार्षिक | ₹300 | |
| | त्रैमासिक | ₹150 | |
| | मासिक# | ₹50 | |

**आयु के सभी संदर्भ पिछले जन्मदिन पर आयु के अनुसार हैं.*

*#मासिक भुगतान के लिए, 3 माह तक का प्रीमियम पेशगी अदा किया जाना चाहिए. नवीनीकरण प्रीमियम भुगतान केवल इलेक्ट्रॉनिक क्लियरिंग सिस्टम (ईसीएस) या स्टैंडिंग इंस्ट्रक्शन के ज़रिए (जहाँ भुगतान या तो बैंक खाते से सीधे डेबिट या क्रेडिट कार्ड द्वारा किया जाता है). मासिक सैलरी सेविंग स्कीम (एसएसएस) के लिए 2 माह का प्रीमियम पेशगी अदा किया जाना चाहिए और नवीनीकरण प्रीमियम भुगतान की अनुमति केवल वेतन कटौती के ज़रिए है.*

## रियायतों की निषिद्धता

**समय समय पर यथासंशोधित बीमा अधिनियम 1938 की धारा 41 के अनुसार :**

क) कोई भी व्यक्ति भारत के किसी भी व्यक्ति को, जीवन या संपत्ति से संबंधित किसी भी प्रकार के जोखिम के लिए बीमा करवाने या इसका नवीनीकरण करवाने या बीमा पॉलिसी जारी रखने के लिए, प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से न तो कोई प्रलोभन दे सकता है, न ही देय कमीशन से सम्पूर्ण या आंशिक रूप में कोई छूट दे सकता है, न ही पॉलिसी में दर्शाए गए प्रीमियम पर किसी तरह की छूट दे सकता है, न ही बीमा पॉलिसी लेने वाला या इसका नवीनीकरण करवाने या इसे जारी रखने वाला कोई भी व्यक्ति किसी तरह की छूट स्वीकार कर सकता है, बशर्ते प्रकाशित विवरण पुस्तिका या बीमाकर्ता की तालिका के अनुसार इस तरह की छूट की अनुमति दी गई हो.

ख) किसी भी व्यक्ति द्वारा इस धारा के प्रावधानों का अनुपालन करने में चूक करने पर वह जुर्माने का पात्र होगा जो दस लाख रूपए तक हो सकता है.

**Toll-free No.:** 1800 267 9090 | SMS '**LIBERATE**' to 56161 | **Email:** info@sbilife.co.in | **Web:** www.sbilife.co.in
(Between 9.00 am & 9.00 pm)

एसबीआई लाइफ - सम्पूर्ण कैंसर सुरक्षा, एक इंडिविजुअल, नॉन-पार्टिसिपेटिंग, नॉन-लिंक्ड हेल्थ इंश्योरेंस प्योर रिस्क प्रीमियम उत्पाद.

**फ़र्ज़ी फोन कॉल्स और जाली/धोखाधड़ी के ऑफ़र्स से सावधान :**
IRDAI इंश्योरेंस पॉलिसी बिक्री, बोनस की घोषणा या प्रीमियम के निवेश जैसी किसी भी प्रकार की गतिविधियों में शामिल नहीं है. इस प्रकार के फोन कॉल्स प्राप्त करने वाले लोगों से अनुरोध है कि वे पुलिस में शिकायत दर्ज करें.

कवरेज, व्याख्याओं, अपवर्जनों, प्रतीक्षा अवधि, जोखिम कारकों, नियमों और शर्तों के बारे में अधिक विवरण के लिए कृपया बिक्री पूर्ण करने से पहले सेल्स ब्रोशर ध्यान से पढ़ें. ऊपर प्रदर्शित ट्रेड लोगो भारतीय स्टेट बैंक का है और लाइसेंस के तहत एसबीआई लाइफ द्वारा प्रयुक्त किया गया है. एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड, पंजीकृत और कॉर्पोरेट कार्यालय : नटराज, एम. वी. रोड और वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे जंक्शन, अंधेरी (पूर्व), मुंबई - 400 069. | **IRDAI पंजीकरण संख्या 111** | CIN : L99999MH2000PLC129113.

NW/2E/ver1/02/22/SP/HIN